श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 197 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 01 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया


# साढ़े चार साल में दस नए सोनोग्राफी सेंटर खुले..!

## अनुमति देने वाले सरकारी अस्पताल में सुविधाए नहीं?

**मंदसौर, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय को मेडिकल हब बनाने का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि बीते 20 महीने से बड़े अस्पताल को रेडियोलॉजिस्ट तक नहीं दिलवा पा रहे हैं। ऐसे में सोनोग्राफी सुविधा बंद है। वहीं, पूर्व में जिन रेडियोलॉजिस्ट ने ज्वॉइन किया, वे दोगुना वेतन व स्वतंत्र रूप से कार्य करने के करण निजी क्षेत्र में चले गए। स्थिति यह है कि जिले में 4 साल में सोनोग्राफी के 10 नए सेंटर खुल गए। इनको अनुमति देने वाले बड़े अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू नहीं करा पा रहा रहे हैं। नतीजा यह कि सुविधा के लिए मरीजों को मजबूरन जांच के नाम पर हजारों रुपए चुकाने पड़ रहे है। इस खेल के बीच सेंटर संचालकों की लाखों की कमाई हो रही है।

### जिले में 35 सेंटर पंजीकृत...

जिले में 35 सोनोग्राफी सेंटर पंजीकृत हैं। इनमें से बड़े अस्पताल सहित गरोठ व शामगढ़ में कुल 3 सेंटर शासकीय हैं, जबकि 32 निजी हैं। इसमें से अधिकतर शहर में ही हैं। साढ़े चार साल में ही 10 नए सेंटर खुल गए हैं। इधर, बड़े अस्पताल में 3 जुलाई 2022 को रेडियोलॉजिस्ट के त्याग-पत्र से ही पद रिक्त है। हालांकि बीच में डेढ़ माह 8 निजी रेडियोलॉजिस्ट भी दो घंटे फ्री सेवा देने के लिए राजी हुए। बाद में उन्होंने भी असमर्थता जाहिर कर दी। इसके बाद हाल ही में कुछ समय महिला चिकित्सक ने निशुल्क सेवा दी। अब वह भी चली गई। अब अधिकारी पत्राचार तो जनप्रतिनिधि आश्वासन देने में व्यस्त हैं। बता दें कि जिला स्तर पर सलाहकार समिति द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेंटर की अनुमति दी जाती है।

### सवा लाख रूपए महीने में पड़ता रेडियोलॉजिस्ट...

मानदेय वृद्धि के बाद संविदा के तौर पर नियुक्त होने वाले रेडियोलॉजिस्ट को करीब सवा लाख रुपए वेतन प्रतिमाह



मिलता है। परमानेंट रेडियोलॉजिस्ट को 5400 ग्रेड पे के हिसाब से करीब 60 से 70 हजार रुपए प्रतिमाह, यह वेतन वरिष्ठता के आधार पर बढ़ता जाता है। सेवानिवृत्ति से पूर्व वेतन करीब 2 लाख के करीब पहुंच जाता है। इधर, निजी क्षेत्र में लैब संचालक करीब 2 से 3.5 लाख रुपए प्रतिमाह के मान से रेडियोलॉजिस्ट को नियुक्त कर लेते हैं। हर निजी लैब में कम से कम 1500 से 3 हजार रुपए तक की जांच के मान से रोज 25 से 30 मरीज पहुंचते हैं। यही कारण है कि अधिकतर रेडियोलॉजिस्ट ने त्याग-पत्र देकर निजी क्षेत्र चुन लिया।

# खेत में खंभा गाड़ने के विवाद में गेती मारने वाले को तीन साल की सजा

**मंदसौर, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय श्री प्रेमदीप सांकला न्यायिक मजिस्ट्रेट मंदसौर द्वारा आरोपी ब्रजलाल पिता उंकारलाल आंजना उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कचनारा जिला मंदसौर को 03 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना 27 जून 2016 के लगभग 5 बजे की है। फरियादी व उसकी पत्नी मुन्नीबाई अपने खेत पर काम कर रहे थे। उसी समय खेत का पड़ोसी ब्रजलाल उसके व फरियादी के खेत के बीच सीमेण्ट के खम्भे गाड़ रहा था। फरियादी ने पास जाकर देखा तो ब्रजलाल खेत में खम्भा गाडने के लिए गड्ढा खोद रहा था, जिस पर फरियादी ने उसे गड्ढा खोदने से मना किया तो ब्रजलाल आंजना ने अश्लील नंगी-नंगी गालियां दी, फरियादी ने गाली देने से मना किया तो ब्रजलाल ने अपने हाथ में ली हुयी धारदार फलनुमा गेंती फरियादी के सिर पर मारी। जिससे उसके सिर के दाहिने तरफ चोट लग, उसके खून निकलने लगा तथा गेंती के हत्थे से फरियादी के दाहिने पैर की पिंडली पर एवं दाहिने कंधे पर मारी। फरियादी चिल्लाया तो उसकी पत्नी मुन्नीबाई तथा पास के खेत में काम कर रही मीराबाई गायरी मौके पर आ गयी, जिन्होंने बीच-बचाव कर छुडाया। ब्रजलाल जाते-जाते बोला कि आज तो इन लोगों ने बचा लिया, आईदा खम्भा गाड़ने से मना किया तो जान से खत्म कर दूंगा।

फरियादी ने उक्त घटना की रिपोर्ट आरक्षी केन्द्र भावगढ पर जाकर लेखबद्ध करायी एवं प्रकरण अन्वेषण में लिया गया। विवेचना के दौरान फरियादी की निशांदेही से घटना स्थल का नक्शा मौका पंचनामा तैयार किया गया। आहत का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया गया, क्वेरी रिपोर्ट प्राप्त की गयी एवं एक्सरे परीक्षण करवाया गया। लोहे की गेंती जप्त कर जप्ति पंचनामा तैयार किया गया व अभियुक्त की गिरफ्तारी चैक लिस्ट तैयार की गयी एवं अभियुक्त को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया। साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये। प्रकरण में अन्वेषण समाप्त कर पुलिस द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# सात स्थायी वारंट तामिल कराये

**मंदसौर, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले की दो थाना पुलिस ने 7 स्थायी वारंटियो का वारंट तामील करवाया। इसमें सीतामऊथाने के पांच स्थायी वारंटी तो मंदसौर कोतवाली थाने के दो स्थायी वारंटी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि सीतामऊ थाने के स्थायी वारंटी प्रवीण उर्फ पप्पू पिता बद्रीलाल बागरी निवासी लदुना, राजू पिता बद्रीलाल बागरी निवासी लदुना, चन्दर सिंह पिता मानसिंह सोंधिया निवासी पारसी, भगवतीलाल पिता बगदीराम माली निवासी लदुना और राहुल पिता सुरेशचंद्र खाती निवासी सीतामऊ का वारंट तामील करवाया गया। वहीं कोतवाली पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली द्वारा 2 स्थाई वारंटी सूरज पिता गौतम मीणा उम्र 25 वर्ष निवासी माकनपुरा जिला प्रतापगढ़ राजस्थान का वारंट तामील करवाया गया।

# मामला 46 ट्रकों से पकड़ाए 590 गौवंश का, 81 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बही टोल पर 46 ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे 590 गौवंश पकड़ाने के मामले में पिपलिया पुलिस ने 81 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें 59 राजस्थान, 15 मध्यप्रदेश व 7 महाराष्ट्र के निवासी है। पिपलिया पुलिस के अनुसार इस मामले में अक्काराम नायक, मनोहरसिंह राजपूत, करणसिंह राजपूत, मोहम्मद हुसेन, जावेदउल्ला, सोनूराम मेघवाल, डूंगरराम नायक, राकेश गोस्वामी, सरवन लोहार, शिशुपाल जाट, मदनलाल जाट, बलवीर, सुरेश मीणा, पेमाराम जाट, मदनलाल जाट, भीमराव मराठा, रसूल मोहम्मद, रामू जाट, मोहम्मद हनीफ, सुनील विश्नोई, करण जाधव, खाजुद्दीन, शिवलाल, विजयपाल विश्नोई, सुनील विश्नोई, छितरमल जाट, सावरमल जाट, श्रीराम विश्नोई, दत्ता मराठा, जितेन्द्र लोहार, राकेश धुर्वे, बूदाराम जाट, सोदान मेघवाल, सुखाराम बावरी, पूरणसिंह राजपूत, विशालकुमार धोबी, शांताराम माली, भामचन्द्र जाट, शाहरुख खान देशवाली, गणपत जाट, राहुल बलाई, अवतार लोहार, रामपाल बलाई, जगदीशप्रसाद बलाई, राजा लोहार, शिवलाल मीणा, सागर दशापुरिया, श्यामसुन्दर विश्नोई, प्रवीण मराठा, अमराराम जाट, राजेन्द्रसिंह राजपूत, संजय बलाई, शब्बीर खान देशवाली, रामेश्वरलाल चोधरी, संतोष राठौर, गोविन्दराम जाट, रामेश्वर जाट, योगेश मराठा, जगदीश जाट, सुरेश जाट, इन्दूसिंह लोहार, सुवाराम जाट, रामा लोहार, विनोद भारती, दीपक डाबी, सुरेशचन्द जाट, गोपाल गाडोलिया, मोहन जाट, विक्रम लोहार, राजूराम मीणा, मोहन लोहार, भंवरलाल मेघवाल, मूलाराम नायक, रामचन्द्र जाट, भीमाराम जाट, रोशन गोड के खिलाफ पशुकूररता अधिनियम में केस दर्ज किया है।

### सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पिपलिया में पकड़ाए गौवंश से भरे 46 वाहनों को राजसात करने सभी आरोपियों पर गौवध की धारा लगाने की मांग को लेकर हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने करते हुए पुलिस थाने पर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि 28 अप्रेल 2024 को हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने बही टोल 46 ट्रकों में भरकर ले जाए जा रहे 590 गौवंश को मुक्त कराया था। लेकिन इन पर पशु वध अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज नही किया गया है। सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए व वाहनों को राजसात किया जाए। इस अवसर पर गौरक्षा दल प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्तसिंह राठौर सहित हिन्दू संगठन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मप्र में पहले दो चरणों में कम मतदान को भी अपने लिए लाभप्रद मान रही है भाजपा

**भोपाल, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार प्रदेश में कम मतदान को भाजपा अपने लिए लाभप्रद मान रही है। पार्टी का तर्क है कि उनके कार्यकर्ताओं ने अपने मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाया, इसलिए उनके मत कम होने का प्रश्न ही नहीं है। कांग्रेस को कई बूथ पर एजेंट ही नहीं मिले, ऐसे में जो मत प्रतिशत घटा है, वह कांग्रेस के वोट थे। पार्टी का दूसरा बड़ा तर्क यह है कि छिंदवाड़ा सहित जिन सीटों पर दोनों दलों के प्रत्याशी मजबूत थे, वहां मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत अच्छा रहा है।

बता दें कि पहले चरण के चुनाव में सबसे कम सीधी में 56.50 प्रतिशत और दूसरे चरण में सबसे कम रीवा में 49.42 प्रतिशत मतदान हुआ। भाजपा इसलिए भी अपने को मजबूत बता रही है कि इस चुनाव में मत प्रतिशत भले ही कम हुआ, पर मत कम नहीं हुए है।

उनका तर्क है कि पार्टी को जितने मतदाताओं ने पिछले चुनाव में मत दिया था, इस बार भी उन्होंने पार्टी के पक्ष में मतदान किया है। उनके मतदाताओं में कोई बदलाव नहीं आया है। उधर, कांग्रेस इन तर्कों से सहमत नहीं है। उसका कहना है कि 2023 में दी गई गारंटियां पूरी नहीं करने से लोग नाराज हैं, इस कारण मतदान करने नहीं गए। अब यह 4 जून का परिणाम आने के बाद सामने आएगा कि मतदान घटने का असर किस दल पर कैसा पड़ा है।

### इतना गिरा है मतदान प्रतिशत...

पहले चरण की छह सीटों सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और छिंदवाड़ा में वर्ष 2019 में औसत मतदान 75.23 प्रतिशत हुआ था, जो इस बार 67.75 रहा, यानी 7.48 प्रतिशत की गिरावट आई। दूसरे चरण की छह सीटें रीवा, सतना, खजुराहो, दमोह, टीकमगढ़ और होशंगाबाद में इस चुनाव में औसत मतदान 58.59 प्रतिशत हुआ, जबकि 2019 में प्रतिशत 67.65 प्रतिशत था, यानी 9.06 प्रतिशत की गिरावट आई।

### इनका कहना...

प्रधानमंत्री की गारंटी और अपने कार्यकर्ताओं के बल पर हम लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। भाजपा के मतों में पिछले चुनाव की तुलना में कोई गिरावट नहीं आई है।

**आशीष अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा।**

भाजपा फर्जी बातें करती है। हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की बात भाजपा ने की थी। पन्ना प्रमुख भी फर्जी बनाए थे। स्पष्ट है इनका न तो कार्यकर्ता निकल रहा है न ही मतदाता।

**कुणाल चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, कांग्रेस एमपी।**

## मामला शहर के जर्जर मकानो कों ढहाने का...

# हर साल चलता है नोटिस-नोटिस का खेल



**मंदसौर, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बीते कई सालों से जर्जर हो चुके मकानों को लेकर नगरपालिका जरा भी गंभीर नहीं है। वर्ष 2015 में जर्जर मकान नपा के अनुसार 36 थे। इसके बाद संख्या 90 तक पहुंच गई। कुछ खुद ही गिर गए तो कुछ को नगरपालिका के जिम्मेदारों ने कार्यालय में बैठकर ही जर्जर करार दे दिया। पिछले साल पीएम आवास में बने पक्के मकान को भी नपा ने जर्जर मानकर तोड़ने का आदेश दे दिया था। जबकि, सालों से खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके मकानों के संबंध में नोटिस देकर जिम्मेदार देखने तक नहीं पहुंच रहे हैं।

दरअसल, नपा के जिम्मेदार सालों से कार्यालय में बैठकर ही नोटिस-नोटिस का खेल रहे हैं। इनको हकीकत जानने तक की फुर्सत नहीं है। कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद जिम्मेदारों का लापरवाह रवैया शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। जानकारी के अनुसार नपा ने 2015 में 36 जर्जर मकान चिह्नित किए थे, 2016 में 28, 2017 में 15, 2020 में 91, 2021 में 52 और 2022 में भी इसके ही करीब मकान जर्जर मिले थे। पिछले साल नपा ने 35 मकानों को चिन्हित किया। खानपुरा, शहर किला रोड, जनकूपुरा, धानमंडी, नृसिंहपुरा, गुदरी तोड़ा क्षेत्र, बालागंज, मदारपुरा, बोहरा बाखल सहित अन्य क्षेत्रों में कई जर्जर मकान हैं। नपा हर बार की तरह इनको नोटिस देकर भूल गई है। बता दें कि शहर सहित जिले में बीते सालों में जर्जर हो चुके मकानो के कारण 4 से अधिक मौतें भी हो चुकी हैं।

### यह है लापरवाही के हालात...

पिछले साल नगरपालिका द्वारा कुम्हारवाड़ा निवासी शहनाज बी पति जाहिर अहमद को पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत लाभ प्रदान किया। इसके बाद हितग्राही ने स्वीकृत राशि से मकान का पक्का निर्माण भी करा लिया। इसके बाद नपा ने इसको जर्जर मानकर हटाने का नोटिस जारी कर दिया। इससे साफ जाहिर है कि नगरपालिका के जिम्मेदार मौके पर ही नहीं पहुंचे। पूर्व में यह मकान जर्जर था, लेकिन बाद में इसे पक्का करवा दिया गया था।

# आज से 16 जून तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**मंदसौर, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** गर्मी ने आम लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। गर्मी और लू को देखते हुए स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को 1 मई से 15 जून और शिक्षकों को 1 मई से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाएगा।

गर्मी की छुट्टियों की संख्या घटाने का शिक्षक संगठनों ने विरोध किया है। शासकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों कहा कि अवकाश में कटौती के बदले अर्जित अवकाश की पात्रता नहीं रहेगी। जबकि, अन्य विभाग में प्रतिवर्ष 30 दिवस अर्जित अवकाश और प्रत्येक माह के शनिवार को अवकाश की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा




स्कूली विद्यार्थियों और शासकीय शिक्षकों को दशहरे पर 3 तो दीपावली पर 6 दिन का अवकाश मिलेगा। विद्यार्थियों व शिक्षकों का दशहरा के लिए अवकाश 11 से 13 अक्टूबर तक, दीपावली के लिए 29 अक्टूबर से 3 नवंबर तक और शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक रहेगा।

### इन तारीखों में भी रहेगा अवकाश

17 जुलाई: मुहर्रम
15 अगस्त: स्वतंत्रता दिवस
26 अगस्त: जन्माष्टमी
16 सितंबर: ईद-ए-मिलाद
2 अक्टूबर: गांधी जयंती (राष्ट्रीय अवकाश)
17 अक्टूबर: वाल्मिकी जयंती
15 नवंबर: गुरु नानक जयंती
25 दिसंबर: क्रिसमस

स्कूलों का विंटर ब्रेक 1 जनवरी 2025 से शुरू होगा और 15 जनवरी 2025 को खत्म होगा।

# आईपीएल सट्टे में फरार आरोपी पायलट को पुलिस ने दबोचा

**नीमच, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आईपीएल क्रिकेट सट्टे में फरार क्रिकेट बुकी को पुलिस ने मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में लेपटॉप, टीवी सेट, मोबाइल समेत दो करोड़ से ज्यादा का हिसाब बरामद किया है। इस मामलें में पुलिस ने 9 आरोपियों को नामजद किया था जिसमें से पंच गिरफ्तार हो चूके है।



पुलिस ने बताया कि थाना प्रभारी बघाना निरीक्षक विजय सागरिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर 21 अप्रैल की रात में धनेरिया रोड़ बघाना के पास से ग्रांड आई 10 कार से क्रिकेट बुकी सन्नी कपुर, विजय तिवारी एवं राजेश अहिर को ऑनलाईन वेबसाईट लोटस 365 के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा करते हुए पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ पर अपने साथियों निलेश रैगर, विकास नागोरी, मनोज समदानी, कपिल सोनी, भावेश वासु एवं मनीष जैन उर्फ मनीष पुस्तक के साथ मिलकर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित करना, फर्जी तरीके से सीम प्राप्त कर अलग- अलग शहरों से लोगो से फर्जी बैंक अकाउन्ट गलत तरीके से लेकर लोटस् 365 वेबसाईट के माध्यम से कस्टमर को डाटा देना, फर्जी सीमो से गलत नाम बताकर वेबसाईट पर खेलो पर दांव लगाकर अवैध लाभ अर्जित करना बताया जाने पर आरोपियो की निशादेही से 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर इनके कब्जें से मोबाईल फोन, लेपटॉप, एटीएम, चेकबुक, बैंक पासबुक एवं पेनड्राईव जप्त की जाकर पुलिस थाना बघाना पर अपराध धारा 419, 420 भादवि एवं 3डी 4, 4-क पब्लिक गेम्बलिंग एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में 09 मुख्य आरोपियों सहित 22 आरोपी चिन्हित किये गये है। प्रकरण में 10 आरोपी गिरफ्तार किये जा चुके है।

संयुक्त रूप से गठित विशेष टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर से पुलिस थाना नीमच केंट एवं पुलिस थाना बघाना के प्रकरणों में फरार हरीश पारवानी उर्फ हरीश पायलट पिता गोपालदास पारवानी उम्र 46 वर्ष निवासी सिद्धी विनायक कालोनी बघाना को गिरफ्तार किया जाकर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। प्रकरणों में अनुसंधान जारी होकर अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है। सटोरिए हरीश से पुलिस ने 1 एप्पल मोबाइल, 01 एंड्राइड मोबाइल एवं 9 हजार 730 रुपए जब्त किए।

## निजी बैंकों की बाढ़, लोन के नाम पर लोगों से तीन से चार गुना राशि वसूल रही....

# 20 हजार के लोन में 64 हजार की बकाया राशि का नोटिस थमाया

**मनासा, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मनासा विकासखंड में निजी बैंकों की बाढ सी आ गई हैं। जो भोली भाली जनता को लोन के नाम पर फंसा कर उनसे तीन-चार गुना तक राशि वसूल रही हैं। ऐसा ही एक मामला मनासा नगर की एक निजी बैंक का सामने आया। जिसने 20 हजार के लोन की राशि का ग्राहक को तीन साल चार माह में करीब 64 हजार के करीब बकाया राशि का नोटिस थमाया। नोटिस के बाद निजी बेंक द्वारा उक्त व्यक्ति को बार-बार राशि जमा करने के लिए परेशान किया गया। मानसिक रूप से परेशान पीड़ित ने बैंक के खिलाफ एसडीएम को शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की।

मामले में नगर के जुनासाथ गली में रहने वाले अनिल पिता मदनलाल गंधर्व ने बताया कि मेरे द्वारा नगर की प्रयास क्रेडिट को आपरेटिव सोसायटी से कोरोना काल के दौरान घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने व घर खर्च चलाने के लिए 20 हजार का लोन लिया गया था। लोन के हिसाब से मेरे द्वारा 1067 रूपए की 8 किस्तें जमा करवा दी गई। लेकिन, 20 अप्रेल 2024 को मेरे द्वारा खाते के बारे में जानकारी मांगी गई तो निजी बैंक द्वारा 64 हजार 844 रूपए बकाया बताया गया। जब मैने खाता का स्टेटमेंट निकाला तो सोसायटी ने मेरे द्वारा राशि जमा नहीं करवाने पर दो बार नोटिस भेजने का 1770+1770 कुल 3540 रूपए, अधिवक्ता फीस 2950+2950 कुल 8850 रूपए एवं एक्सीक्युशन फीस 10 हजार रूपए, इस प्रकार 22390 रूपए अनाधिकृत रूप से मेरे खाते में जोड़ दिए। साथ ही मनमाने रूप से ब्याज जोड़कर मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा हैं। सोसायटी द्वारा मुझे करीब डेढ़ वर्ष से परेशान किया जा रहा है। अनिल की पत्नि हिना गंधर्व ने बताया कि हम सोसायटी का बकाया 12 हजार रूपए देने के लिए तैयार है। लेकिन, सोसायटी के मैनेजर द्वारा बोला जा रहा है कि आपको पुरी राशि 64 हजार 844 रूपए जमा करवानी पड़ेंगी। जबकि, इतनी राशि तो दो रूपए सैकड़ा के हिसाब से भी नहीं बन रही हैं। प्रयास सोसायटी वालों द्वारा भारी अनियमितता करते हुए हमारे साथ धोखाधड़ी की जा रही हैं।



इसको लेकर हमारे द्वारा एसडीएम को आवेदन सौप सोसायटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई हैं। ताकि अन्य लोग इन सोसायटियों के झूठे झांसे में नहीं आए। क्यूंकि मनासा विकासखंड में निजी बैंकों द्वारा लोन के नाम पर लोगों से जमकर अवैध वसूलियां की जा रही है। जिनके चंगुल में फंसकर लोग अपनी संपत्ति बेचने पर मजबुर होकर गलत कदम उठाते हैं। ऐसी निजी बैंकों के खिलाफ शासन प्रशासन को सख्त कदम उठाना चाहिए, ताकि किसी का जीवन बर्बाद नहीं हो।

### इनका कहना...

तहसीलदार के आदेश पर हमारे द्वारा अनिल गंधर्व की चल अचल संपति की जानकारी मांगी गई थी। जो रिपोर्ट हमने अधिकारी को प्रेषित कर दी है।

**कमलसिंह पंवार**
**पूर्व कस्बा पटवारी मनासा।**

अनिल गंधर्व का दो साल का लोन था, लेकिन उन्होंने मात्र 8 किश्तें ही जमा करवाई हैं। शिकायतकर्ता ने शिकायत की है तो जांच के बाद ही कुछ कह पाऊंगा।

**रवि पाटीदार, ब्रांच मेनेजर प्रयास क्रेडिट को आपरेटिव बैंक मनासा**

हमारे पास आवेदन आया है, मामले में एआरसीएस को जांच प्रतिवेदन भेजकर निजी बैंकों के ब्याज दर के क्या नियम रहते हैं। इसके बारे में जानकारी लेकर ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**पवन बारिया, एसडीएम मनासा**






# 'तेलिया तालाब को बचा न सके, उस सांसद को बदलना है'

## मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में घर-घर चलो अभियान निरंतर जारी

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस के घर घर जन संपर्क अभियान अंतर्गत मंगलवार को रामटेकरी क्षेत्र में जनसंपर्क हुआ। शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह गुर्जर के समर्थन में जनसंपर्क रामटेकरी में किया गया श्र जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस जनों ने शिवना नदी को शुद्ध करो शुद्ध करो...तेलिया तालाब को बचाना है दिलीप भैया को जिताना है,तेलिया तालाब को बचा न सके, उस सांसद को बदलना है, गली गली में शोर है,भाजपा चंदाखोर है...जैसे गन भेदि नारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाए श्र पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर दुकान और घर में कांग्रेस का मेनिफेस्टो वितरित कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया ,विधानसभा पूर्व प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर,मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर,जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण डॉ प्रीतीपालसिंह राणा,मनजीत सिंह टुटेजा,अजय लोढ़ा ,राजनारायण लाड , डीगपाल सिंह भाटी ,जितेंद्र सौपरा , राजेंद्र छाजेड़, रमेशचंद सेठिया, राजीव गुलाटी, राजेश फरक्या , सुदीप पाटिल , कैलाश मनवानी , वहीद जेदी, सुनील शर्मा, विश्वास दुबे, गोविंद सुरा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर, उद्योग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निर्विकार रातडिया, अजजा विभाग के अध्यक्ष रमेश सिंगार, शहर ब्लॉक मंदसौर संगठन मंत्री अभिषेक जैन,नेता प्रतिपक्ष रफत पयामी,जिला कांग्रेस महामंत्री बबीता सिंह तोमर,अंजू तिवारी, इस्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, वर्षा सांखला, योगिता बैरागी , नेहा कनकमल जैन,कुमकुम सिसोदिया सोनिया जैन,प्रभा कुमावत, गायत्री सोनी,प्रभा जैन, मंडलम अध्यक्षगण नितेश सतिदासानी,रमेश बृजवानी, दशरथ सिंह राठौड़, पंकज जोशी, विश्वनाथ सोनी,,शुभम कुमावत , वकार खान ,विजय जैन,अजय मारू ,अमीन खान, पर्वत सिंह तोमर ,प्रणय धाकड़, राहुल खत्री बालवीर सोनी, राजेश खींची, हेमंत सोनी, दीपक बसेर,उमेश घाटिया, कन्हैयालाल कुमावत ,अक्षय सेठिया आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार रामटेकरी मंडलम अध्यक्ष नितेश सतीदासानी ने माना।

**आज नई आबादी मंडलम में महाराणा प्रताप चौराहा से शुरू होगा घर घर संपर्क अभियान**-शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं नई आबादी मंडलम अध्यक्ष अजय मारू ने बताया की 01मई बुधवार को शाम 6 बजे से नई आबादी मंडलम क्षेत्र में घर घर संपर्क अभियान होगा । सभी कांग्रेसजन शाम 6 बजे महाराणा प्रताप चौराहा मन्दसौर पर समय पर पहुंचे।

# सांसद गुप्ता ने कयामपुर मंडल में किया जनसंपर्क



**मंदसौर/नीमच, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा सरकार ने किसानों के साथ हर वर्ग के सपनों का साकार किया है। मोदी सरकार की योजनाओं से आज हर क्षेत्र में विकास दिख रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में मंदसौर संसदीय क्षेत्र में भी विकास के पंख लगे है। कयामपुर सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के 251 ग्रामों की 1 लाख 12 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। हर खेतों तक पानी पहुंचने से किसान लाभान्वित होंगे। आज सडकों के आधुनिकरण ने गांवो का परिदृश्य बदल दिया है। मोदी सरकार गरीब गांव से लेकर समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को समर्पित है। पहले कि सरकार के दौरान गांवो में लोगों को पेयजल के लिए भटकना पडता था। महिलाओं को दुर -दराज इलाकों में कुओं और बावडियों से पानी लाना पडता था। आज हर घर में नलों से पानी आ रहा है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने कयामपुर मंडल में जनसंपर्क के दौरान कही।

मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने कयामपुर मंडल के शक्कर खेडी, सुंठी, कचनारा, नाहरगढ, खजुरी चन्द्रावत, झलारा, फतेहगढ, बेटीखेडी, रूपणी,रणायरा, कोटठा बहादुर, कयामपुर, राजाखेडी, नाटाराम के ग्रामों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए स्कूल भवनों का निर्माण हो रहा है। यह सब भाजपा सरकार में ही हो रहा है। अब हर गरीब का पक्का मकान हो उसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देकर उनके मकान बनाने का सपना पुरा हो रहा है। आगे भी 3 करोड आवासों का निर्माण होगा। इतना ही नहीं आयुष्मान योजना के तहत इलाज, सूदुर ग्राम सडक योजना के हर गांव में सडक निर्माण होने से ग्रामीणों का रास्ता सुगम हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो संकल्प पत्र जारी किया है। वह भारत के सुनहरे भविष्य का रोडमैप है। भाजपा सरकार ने हर संकल्प को पुरा किया है। सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डग ने कहा कि क्षेत्र में मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। सुवासरा सिंचाई योजना हो या कयामपुर क्षेत्र में दो बड़ी सिंचाई योजनाओं से किसानों की आर्थिक उनति संभव है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधी योजना सहित अन्य योजनाओं से आज हर क्षेत्र में लाभ हुआ है। आवास नल जल जैसी योजनाओं का लाभ क्षेत्रवासियों को मिला है। मोदी जी के नेतृत्व में सांसद सुधीर गुप्ता ने हर योजनाओं का लाभ क्षेत्रवासियों को दिलाया है। सडक पानी, बिजली के साथ आवास, शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज भवनों का निर्माण हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार ने कहा कि भाजपा सरकार ने मुलभुत सुविधाओं के साथ योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग को लाभ दिलाया है। महिलाओं को योजनाओं से जोडकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रयासरत्त है। विधानसभा प्रभारी मदनलाल राठौर ने कहा कि मोदी सरकार हर वर्ग के लिए हितैशी है। मोदी जी ने देश का मान सम्मान बढाया है। मोदी जी के नेतृत्व में धरातल पर कई योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इस दौरान विधानसभा संयोजक जितेन्द्र सिंह कोटडा, जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष प्रियंका गिरी गोस्वामी, भाजपा उपाध्यक्ष राजेश नामदेव जी, मंडल प्रभारी हिम्मत डांगी, मंडल अध्यक्ष भारत डांगी, जगदीश परमार, भगवान सिंह शक्तावत, जिला कार्य समिति सदस्य प्रसुन्न मंडलोई, महामंत्री महेन्द्र सिंह, दौलतराम मालवीय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम जाट, दीलीप गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष दीपक मंडलोई, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज जाट, पिछडा मोर्चा अध्यक्ष ईश्वरलाल धनगर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह, महामंत्री योगेंद्र सिंह राजा बनाअजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल पिरोलिया, राजु जाट, दिनेश पोरवाल, जनपद सदस्य सुर्यपालसिंह, शहनवाज शेख, यादव प्रसाद विश्वकर्मा, सरपंच पदम सिंह, महेन्द्र परिहार, कैलाश मालवीय सहित कार्यकर्तागण और आम नागरिकगण मौजूद रहे।

# मतदान का महत्व बताते हुए मतदान करने के लिए दिलाई शपथ




**नगरी, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** आगामी लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लिए नगर परिषद, एकीकृत शासकीय उमावि एवं नगर के निजी स्कूलों के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलायों मतदान जन जागरूकता अभियान के तहत नप कर्मचारियों, शिक्षकों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाल कर घर घर दस्तक देते हुए आगामी 13 मई को मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करने की अपील की। इस दौरान कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने हाथ में 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो' स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नगर परिषद कार्यालय से रैली प्रारंभ कीं रैली तेजाजी प्रांगण, गांधी चौराह, सदर बाजार, इंडिया गेट, बस स्टैंड होते हुए समापन हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुंच हुआ। नगर के सभी प्रमुख चौराहों पर आसपास के निवासरत नागरिकों को इकट्ठा कर मतदान करने की शपथ वरिष्ठ अध्यापक यशवंत धाकड़ ने दिलाईं सीएमओ धर्म चंद जैन एवं प्रभारी प्राचार्य रिता शर्मा ने मतदान का महत्व बताते हुए, लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दीं इस दोरान नप लेखापाल बद्रीलाल प्रजापत, राजस्व निरीक्षक भूषण ताम्रकार, शिक्षक भंवर लाल सागित्रा, शंकर सिंह चौहान, अनिल सुथार, गोपाल धाकड़, पप्पू वर्मा, श्रीराम बंबोरिया सहित नप कर्मचारियों नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के शिक्षकगणों, छात्र छात्राओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

### मारपीट, दो पक्षों के 7 लोगों पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों पर क्रास प्रकरण दर्ज किया। खेत की मेड के विवाद में दोनों पक्षों के बीच यह मारपीट हुई। चिल्लोद पिपलिया निवासी गोपाल पिता भेरुलाल शर्मा की रिपोर्टपर पुलिस ने रामलाल सुथार, भरत सुथार, प्रवीण सुथार व गोविन्दराम सुथार के खिलाफ वहीं रामलाल पिता बंशीलाल सुथार की रिपोर्टपर गोपाल सुथार, लखन सुथार व अनिल सुथार के खिलाफ केस दर्ज किया।

### मारपीट पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बरखेड़ापंथ निवासी दयाल पिता कमल बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरे बड़े पापा कैलाशजी से गांव के तुलसीराम पिता जगदीश बावरी ने झगड़ा किया था, मैंने तुलसीराम को समझाया तो तुलसीराम ने मेरे साथ मारपीट की बांस की लकडी से पीटा, जिससे चोंट आई। पुलिस ने केस दर्ज किया।

### बाइक चोरी

**पिपलियामंडी, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। नाहरगढ़ खेडी मोहल्ला निवासी इकबाल मन्सूरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरी बाइक (एमपी 14 एमएल 2855) घर के बाहर खडी थी। सुबह देखा तो बाइक नही थी। रात्रि में सीसीटीवी देखा तो एक व्यक्ति बाइक ले जाता हुए नजर आया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर केस दर्ज किया।

# श्री बड़वाले बालाजी मंदिर पर भक्तों ने लिया महाप्रसादी का लाभ



**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को स्थानीय नालछा माता रोड पर स्थित श्री बड़वाले बालाजी मंदिर पर कन्या पूजन, भव्य महाआरती के साथ भण्डारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने उपस्थित होकर महाआरती एवं महाप्रसादी का लाभ लिया।

मंदिर समिति प्रमुख दलपतसिंह पंवार ने बताया कि प्रात: 10 बजे बालाजी की महाआरती हुई। जिसमें मुख्य अतिथि कथा वाचक पं. कृष्णवल्लभ शास्त्री, ज्योतिष गुरु विनोद रूनवाल, विनय दुबेला, कांग्रेस ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विकास दशोरा, भाजपा नेता रवि ग्वाला, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, शिवशंकर सौलंकी आदि उपस्थित रहे। महाआरती पश्चात् कन्याओं के पग पूजन कर उन्हें भोजन कराया। उसके पश्चात् महाप्रसादी का आयोजन हुआ जो शाम तक चलता रहा। महाप्रसादी का हजारों भक्तों ने लाभ लिया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यगण अंकित श्रीवास्तव, गोल्डी भैया, अजय पुरोहित, दीपू शर्मा, शंकरलाल सोनी, लक्ष्मण रावत, मोहन परमार, राजेश चण्डालिया, महेश सुरोलिया, रमेश रावत, उदल पटेल, भेरूबा रावत, गजराजसिंह भीलाला, विजयसिंह जादोन, भगवतीप्रसाद नामदेव आदि ने सेवाएं दी। उक्त जानकारी चरण सेवक दलपतसिंह पंवार द्वारा दी गई।

### मैराथन दौड़ का आयोजन 8 को

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ 8 मई 2024 को प्रात: 8 बजे गांधी चौराहा मंदसौर से पीजी कॉलजे ग्राउण्ड मंदसौर तक की जाएगी।

### बाईक रैली का आयोजन आज

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकरी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बाईक रैली (मय हेलमेट सहित) का आयोजन 1 मई 2024 को प्रात: 8 बजे महाराणा प्रताप चौराहा से पशुपतिनाथ मंदिर घाट मंदसौर तक आयोजित की जाएगी।

# स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत शपथ दिलाई



**भानपुरा, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय क्षेत्र 23 मंदसौर के गरोठ 227 विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी गरोठ चन्दरसिंह सौलंकी के निर्देशन में तथा विनोद कुमार शर्मा तहसीलदार तथा भीमसिंह खराडी, राकेश बर्डे नायब तहसीलदार के मार्गदर्शन में सोमवार 30 अप्रैल को मतदान केंद्र क्रमांक 09 पंचायत भवन कैथूली में स्वीप गतिविधियों के तहत ग्राम वासियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए समझाईश दी। खासकर महिला मतदाओ को जिनका मतदान प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा कम रहता है। तथा आने वाली 13 मई को परिवार के सभी सदस्यों को मतदान करने के लिए अपील की तथा ग्रामवासियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राजकुमारी तिवारी सरपंच, प्रकाश धाकड सचिव, बालूसिंह, सहायक सचिव राजेश जोशी, संस्था प्रधान एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सीताराम मांगलिक, सैय्यद मजहर अली, शिखा शर्मा, बी एल ओ भावना कुंवर, आंगनबाड़ी कार्यकता सहायिका, रोशन बाबु लीलगर, रामनिवास पाटीदार, हरिश नामदेव सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।



# दशपुर विद्यालय के छात्रों का हिंदुस्तान स्काउट एण्ड गाइड शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** हिंदुस्तान स्काउट व ग्राइडस, मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 25 अप्रैल 2024 से 29 अप्रैल 204 तक मारुति एकेइसी सातरूंडा, जिला रतलाम में यूनिट लीडर एवं सीनियर स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, वोकेशनल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर श्री गणेश शर्मा (राज्य सचिव एवं कैंप चीफ), श्री नीरज शर्मा (राज्य संगठन आयुक्त, स्काउट, शिविर संचालक), श्री शुभस, यादव (सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, शिविर क्वार्टर मास्टर) के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के 20 से अधिक विद्यालयों के स्काउट और गाइड ने भाग लिया। इसमें द्वशपुर, विद्यालय मंदसौर के 9 स्काउट, जितसे छात्र हरीश राठौर, वीरेंद्र पाटीद्वार, विवेक कुसाव्रत, ईशान मलासिसा, विराट दुईसा, हार्दिक भावसार, दशरथ गेहलोत, आयुष सूर्यवंशी, ध्रुव ब्राम्रतिया का इस कैंप हेतु चयन हुआ। जिल्होते, कैंप के दौरान होने वाली गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अधिक जानकारी देते हुए यूनिट लीडर श्री कुणाल शर्मा ने बताया कि कैरूप के दौरान होने वाली गतिविधि संकेतों की सहायता से मंजिल को प्राप्त करना नामक प्रतिस्पर्धा में द्वशपुर, विद्यालय के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिसके लिए राज्य सचिव एवं कैंप चीफ श्री गणेश शर्मा द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए। छात्र छात्राओं को इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य प्रिंस, वी श्रासस, संस्था सुपरवाईजर, हाकीमप्रसाद शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शाउमा वि नंदावता का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

## दसवी में जिले की मेरिट में विद्यालय का रहा तीसरा स्थान

**नंदावता, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** शा. उ. मा. विद्यालय नंदावता की बोर्ड परीक्षा मे कक्षा 12वी एवं 10वी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा 10 वी में जिले की वरिष्ठता सूची में विद्यालय तीसरे स्थान पर रहा। कक्षा 10 वी में विद्यालय की सानिया मुस्तफा 79.8 प्रतिशत, अर्पित सत्यनारायण 76.6 प्रतिशत, नेहा प्रमोद 75 प्रतिशत, चेतना राजू 74.4%, निशा अनिल 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वी में पचास विद्यार्थीयों नें भाग लिया था, जिसमें 45 विद्यार्थी उतीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12वी में शिवम श्यामलाल 89.9%, प्रियंका सालिगराम 79%, रेणुका मुकेश 76%, बालेश्वर रतन लाल 75.2%, पूजा किशन लाल 74% अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वी में 64 छात्र-छात्राएं सम्मलित हुए थे, जिसमे से 21 परिक्षार्थी प्रथम श्रेणी एवं 16 परिक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उतीर्ण हुए। तीन पूरक एवं एक परिक्षार्थी अनुतीर्ण हुआ। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दुर्गालाल सेन, रामरतन कुमावत, शम्भुसिंह, सुरेश माली, सलमा शाह, पिंकी कुमावत, प्रीति शर्मा, प्रेरणा उपाध्याय,' सूरतराम राठौर, हरिश चावड़ा, राहुल सिनम, गायत्री प्रसाद शर्मा, देवी लाल कुमावत, अरविन्द पटेल, मानगिरी ने उतीर्ण छात्र - छात्राओ को शुभकामना दी।

### विधानसभा सम्मेलन में कई कांग्रेसी सरपंच, जनप्रतिनिधि हुए भाजपा में शामिल

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** बुढ़ा मंडल में महेश डांगी टीडवास, सभापति प्रतिनिधि जनपद पंचायत मल्हारगढ़, राधेश्याम धाकड़ सरपंच ग्राम पंचायत हिंगोरिया बड़ा, दिनेश लाला भाई सरपंच रायसिंह पिपलिया, ईश्वर मालवीय सरपंच प्रतिनिधि सुभाष प्रभुलाल धाकड सरपंच खूंटी, रमेश सूर्यवंशी सरपंच रतन पिपलिया, प्रहलादसिंह सोंधिया सरपंच जोधा पिपलिया, रामदयाल धनकर जिला अध्यक्ष धनगर समाज, राजेश बागडी सरपंच फैसरी, भगवती सिंह सिसोदिया कित्तुखेडी, अमरलाल हिंगोरिया बड़ा सरपंच, राजेश बागडी ग्राम पंचायत फोसरी, पिपलिया मंडी मंडल में दिनेश चौहान जनपद सदस्य, शकील भाई सरपंच प्रतिनिधि, सफी भाई मंसूरी पूर्व सदर रफीक भाई, शरीफ सरपंच बाबूखेड़ा, फारूक कुरेशी बाबूखेड़ा, इकबाल कुरैशी बाबूखेड़ा कांग्रेस छोड भाजपा में शामिल हुए।

### कलेक्टर ने किया शासकीय सेवकों का सम्मान

**नीमच, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** जिले के विभिन्न विभागों से मार्च माह में सेवानिवृत हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में मंगलवार को जिला पेंशन कार्यालय नीमच द्वारा आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा जिले के सेवानिवृत हुए सभी शासकीय सेवकों का पुष्पहार पहनकर एवं शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस मौके पर जिला पेंशन अधिकारी श्री एल.एन.चौहान ने सभी पेंशनर्स को जीपीओ पेंशन भुगतान पत्र प्रदान किए। इस मौके पर पेंशन कार्यालय के श्री राजू मैहर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा पेंशनर्स एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# जिले मतदान प्रतिशत बढाने के लिए 1 से 11 मई तक सघन जागरूकता अभियान -जैन

## टाउन हॉल नीमच में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बीएलओ की बैठक में कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के दिए निर्देश



**नीमच, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान का प्रतिशत बढाने, मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए एक से 11 मई तक हर घर, हर मतदाता, जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ग्राम स्तरीय अमले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, पटवारी, पंचायत सचिव, सचिव एवं रोजगार सहायक मतदान के प्रतिशत को बनाए रखने और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए गर्मी को देखते हुए सभी मतदाताओं को मतदान के दिन 13 मई को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे पूर्व तक मतदान केंद्र पर आकर मतदान करवाने का प्रयास करें। मतदान केंद्र के दूरस्थ गांवों के मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाकर मतदान करवाने के लिए वाहनों की व्येवस्था की जाएगी। साथ ही गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश, पंखे, कूलर, छाया आदि के प्रबंध किए जाऐंगे। मतदाता हमारे लिए सम्मानिय है, इसलिए बार-बार उसके दरवाजे पर दस्तक दें, जिससे उसको सम्मान भी महसूस हो और अपने कर्तव्य का बोध भी हो। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने मंगलवार को टाउन हॉल नीमच में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र की आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, बीएलओ, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव एवं पटवारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने जिले में 1 से 11 मई तक आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मई को हर एक घर जाकर बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यप मतदान दिवस के पेम्प लेट(चिपकाए) लगाएंगे। 2 मई को नैतिक मतदान की पंजी के साथ हर एक मतदाता के घर जाकर उसके हस्ताक्षर करवाये जायेंगे। 3 मई को सभी मतदान केंद्र स्तंर पर मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। 4 मई को सभी मतदान केंद्र स्तर पर घर-घर जाकर पीले चावल देकर मतदान करने का न्यौता पत्र वितरित किया जाएगा। 5 मई को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित की जावेगी। 6 मई को प्रत्येक मतदान केंद्र स्तर पर मतदाताओं व्दारा पौधा रोपण किया जावेगा। 7 मई को प्रत्योक मतदान केंद्र पर रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित की जावेगी। 8 मई को मतदान कलश यात्रा मतदान केंद्र से निकाली जावेगी। 9 एवं 10 मई को मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें पीले चावल बाटकर मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करने का आमंत्रण पत्र दिया जावेगा। 11 मई को बूथ सजाओं कार्यक्रम आयोजित कर बूथ की साज सज्ञा की जावेगी। कलेक्टजर ने बैठक में उपस्थित अमलें को मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रीय भागीदारी निभाने और मतदान प्रतिशत बढाने के प्रयास करने का आव्हान किया। तदपश्चात टाउन हॉल में रोशनी बंद कर, मोबाईल की लाईट चालू कर सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दे के नारे को गुंजायमान करते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजन को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन एसडीएम डॉ.ममता खेडे ने किया।

# लोकसभा निर्वाचन की सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें-जैन

**नीमच, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में की तैयारियों हेतु आयोजित विभागीय बैठक में मतदान प्रक्रिया में संलग्न किए गए सभी अधिकारी कर्मचारी को अपने कर्तव्यों का निवर्हन जिम्मेदारी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा, कि किसी भी कार्य में लापरवाही न करें। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर सीसीटीव्हीम, वेबकास्टिंग, वाहनों में जीपीएस लगवाने, मतदान दलों के भोजन की व्यवस्था, मतदान दलों के लिए दवाईयां एवं मेडिकल स्टाफ की व्यवस्था, वाहन की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा, कि वोटर जानकारी पर्ची वितरण में संबंधित क्षेत्र के महत्व पूर्ण व्यक्तियों को सम्मिलित करें तथा वितरण की जानकारी राजनैतिक दलों को भी दे। कलेक्टरश्री जैन ने सामग्री वितरण एवं प्राप्ति की व्यवस्था के निर्देश देते हुए इसकी तैयारी प्रारंभ करने को कहा। श्री जैन ने घर से मतदान करने वाले मतदाता की लिस्ट तैयार कर रूटचार्ट एवं मततदान की तिथि निर्धारित कर राजैनिक दल को सूचना करने के निर्देश दिए तथा ऐसे मतदाताओं का शतप्रतिशत मतदान करवाने के निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि मतदान दिवस पर अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय पर रहे तथा अनिवार्यत: मतदान करें साथ ही समस्त फील्ड लेवल के कर्मचारी भी अपने मताधिकार का उपयोग करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मीम गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश साह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी् कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोक, श्री चन्द्र सिंह धार्वे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओं एवं सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 58 | 1799 | 2274 |
| उडद | 6 | 8800 | 8900 |
| सोयाबीन | 45000 | 4161 | 4651 |
| गैहु | 12000 | 2231 | 3135 |
| चना | 675 | 4950 | 6122 |
| मसुर | 348 | 3500 | 6140 |
| धनिया | 180 | 5300 | 7000 |
| लहसुन | 18000 | 5460 | 23300 |
| मैथी | 16000 | 4713 | 5701 |
| अलसी | 2000 | 4401 | 5550 |
| सरसो | 748 | 4770 | 4920 |
| तारामीरा | 2 | 4580 | 4580 |
| इसबगोल | 120 | 8110 | 13900 |
| प्याज | 1300 | 400 | 1098 |
| कलोंजी | 57 | 12301 | 20750 |
| डॉलर | 20 | 6999 | 10070 |
| तिल्ली | 000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 6 | 4000 | 5800 |
| असालीया | 248 | 7999 | 10000 |

# मतदाताओं से संवाद करें, उन्हें समझायें कि वोट जरूर करें-राजन

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता जागरूकता गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश दिये

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** एक और 7 मई 2024 को सभी मतदान केन्द्रों में 'चलें बूथ की ओर अभियान' चलायें। इसमें मतदाताओं से जीवन्त संवाद करें, उन्हें यह समझायें कि वोट करना उनका संवैधानिक अधिकार है। इसलिये हर मतदाता वोट जरूर करें। मतदाता जागरुकता गतिविधियों में और तेजी लायें। हर जरूरी उपाय कर मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक लाने के लिये जागरुक करें तथा अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करायें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने सोमवार को तीसरे और चौथे चरण में मतदान वाले लोकसभा संसदीय क्षेत्रों से संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये यह निर्देश दिये। श्री राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये रणनीति बनाकर विशेष गतिविधियां आयोजित करें, ताकि हर मतदाता को यह याद रहे कि मतदान के दिन उसे वोट करना ही है।

**वोटर पर्ची के साथ-साथ कोई एक फोटोयुक्त दस्तावेज लेकर आने के लिये कहें**-श्री राजन ने कहा कि मतदाताओं से सम्पर्क के दौरान बीएलओ और अन्य मैदानी अमला मतदाताओं को यह बतायें कि मतदान के दिन वे वोटर पर्ची के साथ-साथ वोटर आईडी कार्ड या 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज लेकर जरूर आयें, इससे मतदाता की पहचान शीघ्र हो सकेगी और वो बिना किसी देरी के मतदान कर सकेंगे।

**मतदाताओं को आमंत्रित करें**-श्री राजन ने कहा कि तीसरे और चौथे चरण के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता-संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायें, इसमें उस बूथ के सभी मतदाताओं को आमंत्रित किया जायें। उन्हें मतदान से संबंधित हर तरह की जानकारी देकर उनकी शंकाओं का समाधान भी करें। मतदाताओं को वोट जरूर करने की शपथ भी दिलाई जा सकती है।

**वोटर पर्ची और वोटर गाईड बाँटने बीएलओ स्वयं जायें**-श्री राजन ने कहा कि सभी कलेक्टर्स यह सुनिश्चित करें कि मतदाताओं को वोटर पर्ची व वोटर गाईड बाँटने के लिये बीएलओ खुद जायें और यह कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। बीएलओ मतदाताओं से आग्रह करें कि मतदान करने केन्द्र तक आयें और वोट जरूर करें।

**मतदान दिवस को सक्रियता से कार्य करें**-श्री राजन ने कहा कि 'चलें बूथ की ओर अभियान' को पूरी गंभीरता से संचालित करें। मतदान के एक दिन पहले जागरूकता रैली, कैम्प आदि लगाकर मतदाताओं को बतायें कि कल मतदान दिवस है और उन्हें वोट करना ही है। इसके अलावा मतदान के दिन और अधिक सक्रियता से कार्य करें। मतदान के दिन मुनादी करायें। कोर ग्रुप के सदस्यों द्वारा मतदाताओं को याद दिलाया जाये कि आज मतदान का दिन है। सभी को मतदान करना है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये योगदान देने वाले सर्वश्रेष्ठ बीएलओ, सर्वश्रेष्ठ मैदानी कार्यक्रर्ता, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत को पुरूस्कार दिया जायेगा, ऐसा प्रचारित किया जाये। ग्रामस्तरीय लोगों को मतदाता जागरूकता गतिविधियों से जोड़ें, इससे मतदान बढ़ाने भी मदद मिलेगी। मतदान के दौरान अत्यधिक गर्मी से बचाव सहित मतदान दलों के लिये चिकित्सा किट की व्यवस्था भी की जाये। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग द्वारा सतत् निगरानी की जाये।

**चलें बूथ की ओर अभियान के अंतर्गत होंगी ये गतिविधियां**-बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन किया जाएगा। ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने हेतु मेन-टू-मेन मार्किंग की जायेगी। मतदाता जागरुकता के लिये सभी मतदान केन्द्रों पर स्थानीय खेल प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, महिला रैली, स्व-सहायता समूह द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, स्थानीय नागरिकों को शपथ/संकल्प पत्र का वाचन, प्रभातफेरी, मेंहदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, नुक्कड नाटक, साईकिल/मोटर साईकिल रैली, चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियां आयोजित की जायें।

**तीसरे चरण के 20456 मतदान केन्द्रों पर चलेगा अभियान**-तीसरे चरण में प्रदेश के 9 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। इसके अंतर्गत आने वाले 20 हजार 456 मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें बैतूल, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं।

**चौथे चरण के 18007 मतदान केन्द्रों पर चलेगा अभियान**-चौथे चरण में प्रदेश के 8 लोकसभा क्षेत्रों के 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों पर यह अभियान चलाया जाएगा। इसमें देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन, खंडवा लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में तीसरे और चौथे चरण के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों से संबंधित कलेक्टर्स ने उनके द्वारा मतदाताओं को वोट अवश्य करने के लिये प्रेरित करने की मंशा से किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री, श्री तरूण राठी, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला उपस्थित रहे।



# '13 मई मंदसौर वोट करेगा' की थीम पर लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम आयोजित हुआ

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। गतिविधियों के अंतर्गत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य लगातार चल रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत आज पीजी कॉलेज ग्राउंड में 13 मई मंदसौर वोट करेगा की थीम पर लोकतंत्र का आकाशदीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आकाशदीप कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूल के बच्चों, आम जनता, जागरूक मतदाताओं ने भाग लिया। जिले में मतदाता को जागरूक करने के लिए, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के माध्यम से लगातार गतिविधियां आयोजित की जा रही है। यह गतिविधियां शहर के साथ-साथ प्रत्येक गांव में लगातार एक माह चल रही है। आकाशदीप कार्यक्रम से मतदाताओं में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। लाल रोशनी से पूरा कॉलेज ग्राउंड जगमगाने लगा। हर मतदाता में जोश भरा हुआ था। हर व्यक्ति मतदान दिवस की बात कर रहा था। आकाशदीप कार्यक्रम निर्मित करने के दौरान सामान्य प्रेक्षक श्री सिद्दीकी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम सहित स्वीप की गतिविधियों से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार, आज जन मौजूद थे।

# घर-घर वोटिंग के समय गोपनियता का विशेष रूप से ध्यान रखें-कलेक्टर

## घर-घर जाकर मतदान कराने हेतु सेक्टर अधिकारी एवं डाक मतपत्र दलकर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मंदसौर संसदीय क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदान के कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर अधिकारी एवं डाक मतपत्र दलकर्मियोंका प्रशिक्षण कार्यक्रम कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में अलग-अलग विकासखण्ड के अधिकारी प्रशिक्षण हेतु उपस्थित थे। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर डॉ जै.के. जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया

प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को निर्देश देते हुऐ कहा कि घर-घर जाकर मतदान कराते समय गोपनियता का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिस जगह मतदान करा रहे हो वहां पर सीसीटीवी कैमरे न हो। कोई भी मतदाता का वोटिंग के समय वीडियों या फोटो न ले इसका विशेष ध्यान रखे। इस प्रक्रिया को कराते समय मोबाईल का उपयोग नहीं किया जाना है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए घर-घर जाकर मतदान करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। उनके द्वारा बताया गया कि विकलांग एवं वरिष्ठ नागरिकों एवं अनुपस्थित श्रेणी के मतदाता (85+) तथा दिव्यांगों एवं किन्हीं अनिवार्य कारणों जैसे शारिरीक अक्षमता के कारण चलने में असमर्थ है जो मतदान केन्द्र पर आकर मत नहीं डाल सकते है तो वह अपने आवास पर पोस्टल बैलेट/ डाक मतपत्र का उपयोग कर सकते है। इसके लिये बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 12ऊभरने की प्रकिया पूर्ण कर ली गई हैं । अब उनका डाक मतपत्र के माध्यम मतदान कराया जाना हैं। मास्टर ट्रेनर द्वारा डाकमत पत्र दल कर्मियों को प्रशिक्षण में डाक मतपत्र द्वारा मतदान सम्पन्न कराने हेतु प्रशासकीय सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया साथ ही डाक मतपत्र का प्रारूप एवं उसके साथ सलग्न किये जाने वाले दस्तावेजो एवं मतदाता के पहचान के लिये निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज के बारे में बताया गया । प्रशिक्षण में घर-घर वोटिंग कराने हेतु दी जाने वाली सामग्री एवं मतदान दल टीम में रहने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्व एवं मतदान के प्रोटोकॉल के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में सभी डाक मतपत्र दलकर्मियों ने घर-घर वोटिंग कराने पर आने वाले समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के बारे में अपने प्रश्नों का समाधान किया।

## मप्र के किसानों को बड़ी खुशखबरी...

# अब 50 प्रतिशत तक चमकविहीन, डैमेज गेहूं खरीदेगी सरकार

**बालाघाट, 30 अप्रेल।** रबी फसलों में गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी पर सरकार ने निर्धारित सीमा प्रतिशत में शिथिलता दी है। अब किसान 50 प्रतिशत तक लस्टर लॉस (गेहूं के दाने की चमक उड़ना, दाना डैमेज होना और सिकुड़ा हुआ निकलना) की सीमा को 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी, बालाघाट ज्योति बघेल ने बताया कि हाल ही में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल पर बुरा असर पड़ा है। किसानों को राहत देने के मकसद से एफएक्यू के अनुसार निर्धारित सीमा प्रतिशत को बढ़ाया गया है। पहले किसानों से 30 प्रतिशत खराब गेहूं खरीदा जा रहा था, जिसे शिथिलता देते हुए अब 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा टूटे हुए गेहूं के दाने की सीमा छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत, थोड़ा टूटा हुआ दाना के चार प्रतिशत सीमा को छह प्रतिशत किया गया है। बता दें कि किसानों से 2275 व राज्य बोनस 125 कुल 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों से गेहूं की खरीदी की जा रही है। तय मापदंड से भी खराब गेहूं ला रहे किसान समर्थन मूल्य पर खरीदी की अब तक की समयावधि में बालाघाट जिले में सिर्फ 25 किसानों से 473 क्विंटल गेहूं का उपार्जन हो सका है। खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा इतनी छूट देने के बाद भी किसानों द्वारा खराब गुणवत्ता का गेहूं केंद्रों में लाया जा रहा है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। लस्टर लास गेहूं की खरीदी में 50 प्रतिशत की छूट बड़ी राहत है, लेकिन किसान इससे भी खराब गुणवत्ता के गेहूं को खरीदने के लिए दबाव बनाते हैं। 50 प्रतिशत से अधिक खराब गेहूं को नहीं खरीदा जाएगा। गौरतलब है कि बालाघाट जिले में इस साल रबी सीजन में 65 हजार हेक्टेयर में गेहूं की फसल लगाई गई है।

## भाई-भतीजे पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने भाई, भतीजे पर केस दर्ज किया। आक्यापालरा निवासी नारायणसिंह पिता जयसिंह ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पुरानी रंजिश के चलते मेरे भाई चेनसिंह व उसके लड़के ने गाली-गलौज की व मारपीट की। पत्थर से भी हमला किया, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने विवेचना के बाद दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, 30 अप्रेल।** टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया खेलती दिखेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या उपकप्तानी करते दिखेंगे। टीम में दो विकेटकीपर शामिल किए गए हैं। इनमें ऋषभ पंत और संजू सैमसन शामिल हैं। वहीं, केएल राहुल को टीम से बाहर कर दिया है। राहुल पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के हिस्सा थे। भारतीय टीम से तीन बड़े चेहरों को बाहर किया गया है, जो हाल फिलहाल में टीम इंडिया का हिस्सा थे। इनमें केएल राहुल के अलावा रिंकू सिंह और शुभमन गिल शामिल हैं।

हालांकि, बीसीसीआई ने रिंकू और शुभमन को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा है। रिंकू पर शिवम दुबे को तरजीह दी गई है। काफी पहले से इस बात की चर्चा हो रही थी कि अगर हार्दिक को चुना जाता है तो शिवम-रिंकू में से किसी एक को ही मौका मिलेगा। वहीं, यशस्वी और शुभमन में से किसी एक को मौका देना था। चयनकर्ताओं ने यशस्वी को शुभमन पर तरजीह दी है।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**-रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## अवैध शराब के साथ पकड़ाए आरोपी

**पिपलियामंडी, 30 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपियों को पकड़ा। झारड़ा पुलिस ने 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ कित्तुखेड़ी निवासी नागूलाल पिता सुखलाल मेघवाल को, नाहरगढ पुलिस ने 15-15 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के सथ बिल्लोद निवासी राज पिता अशोक भाटी व सीखेडी निवासी अंकित पिता गोपाल बाछड़ा को, 10 लीटर के साथ बडोद निवासी मोहनलाल पिता कारुलाल डांगी को, 13 लीटर शराब व बीयर के साथ रातीतलाई निवासी मुकेश पिता नारायण सूर्यवंशी को, पिपलिया पुलिस ने 30 क्वार्टर शराब के साथ भांगी पिपलिया निवासी उदयसिंह पिता कचरुसिंह राजपूत को पकड़ा।

# ग्रामीण क्षेत्रों नही है फायर बिग्रेड की सुविधा

**राजू सोनी**

**नाहरगढ़, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ तहसील तथा मंदसौर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत नाहरगढ नगर आबादी वाले क्षेत्र के लिए नेताओ की ओर से अब तक फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नहीं किए जाने से जनता हैरान है।ज्ञात हो कि नाहरगढ थाना क्षेत्र में नगर सहित अन्य 100 गांव का?समावेश है। पंचायत सहित, पुलिस स्टेशन, बैंक, पोस्ट ऑफिस, ओर आदि महत्पूर्ण कार्य लिए नाहरगढ पंहुचते है,?किंतु आग लगने पर सुरक्षा के नाम पर प्रशासन की ओर से कोई?ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों म् बसा हुआ है।ग्रामीण क्षेत्रों खेती तथा अन्य छोटा-मोटा रोजगार कर यहां के निवासी अपना जीवनयापन करते हैं, किंतु बदकिस्मती से कहीं आग लग जाए तो बुझाने के लिए स्थानीय नागरिकों को ही मशक्कत करनी पड़ती है। आग यदि बड़े पैमाने पर लग जाये तो फायर बिग्रेड के लिए यहां के निवासियों को सीतामऊ, मंदसौर, से फायर बिग्रेड बुलाने की राह देखने पड़ती है। यदि वहां भी समय से कोई उपलब्ध हो तो नहीं तो कॉल ओर कहीं ट्रांसफर कर दी जाती है। हाल ही में कई उदाहरण ऐसे देखने को मिले हैं। ऐसे में फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचते काफी लंबा समय लग जाता है। यदि मुख्याल से आने 1 घण्टें, यदि तहसील स्तर आई तो लंबा इंतजार करना पड़ता है.? पूरे मामले पर जो भूतपूर्व सैनिक हैं। उन्होंने जनहित में सांसद प्रत्याशी श्री सुधीर गुप्ता का नाहरगढ नगर भ्रमण के दौरान एक आवेदन प्रेषित किया, और मांग की गई इस पर चुनाव के पश्चात इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करै.. इस दौरान भूतपूर्व सैनिक श्री धर्मेंद्र सोनी, श्री जमनालाल सोनी, श्री संभु गिरी गोस्वामी,श्री कोमल माली. श्री रामप्रसाद राठौर सही आदि लोग उपस्थित है।

## गरोठ, मल्हारगढ़ व सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 व 4 को

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण 3 व 4 मई को, सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण 5, 6 एवं 7 मई को एवं गरोठ विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रशिक्षण 7 एवं 8 मई को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रात: 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 1.30 से 5 बजे शासकीय महाविद्यालय मंदसौर एवं कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा।

## चले बूथ की ओर अभियान कार्यक्रम 7 मई को

**मंदसौर, 30 अप्रेल गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले में सम्पूर्ण मतदान केंद्रो पर चले बुथ की ओर कार्यक्रम का आयोजन 7 मई को आयोजित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत मतदान केंद्र पर बुथ अवेयनेस ग्रप के सदस्यों, कैम्पस एम्बेसडर, चुनाव पाठसाला तथा स्थानीय लोगों के माध्यम से स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिये जागरूक एवं प्रेरित करेंगे।

# कोविशील्ड वैक्सीन पर एस्ट्राजेनेका ने किया चौंकाने वाला खुलासा, खून के थक्के जमने लगते हैं

**नई दिल्ली, 30 अप्रेल।** ब्रिटिश फार्मा एस्ट्राजेनेका को वैक्सीन को लेकर किए गए दुष्प्रभाव वाले दावे को लेकर कई मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। उसके वैक्सीन की वजह से मौत समेत गंभीर परिणाम निकलकर सामने आए हैं। इसको लेकर यूके हाई कोर्ट में 51 मामलों में पीडित 100 मिलियन पाउंड तक के हर्जाने की मांग कर रहे हैं।

मामले के पहले शिकायतकर्ता जेमी स्कॉट ने आरोप लगाया था कि उन्हें अप्रैल 2021 में टीका लगाया गया था, जिससे ब्लड में थक्के जमने लगे और दिमागी बीमारी पैदा हो गई। उन्होंने दावा किया कि इसने उन्हें काम करने में तकलीफ होने लगा। हॉस्पिटल वालों ने यहां तक कह दिया कि ये मरने वाले हैं। फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार



किया है कि उसकी कोविड वैक्सीन एक दुर्लभ दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है। द टेलीग्राफ (यूके) की रिपोर्ट के मुताबिक वैक्सीन निर्माता ने अदालती दस्तावेज़ों में कहा है कि कोविशील्ड की वजह से खून के थक्के जम सकते हैं और प्लेटलेट की संख्या कम हो सकती है। कोरोना महामारी के दौरान एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने मिलकर कोविशील्ड का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। इसका इस्तेमाल पूरे देश में व्यापक रूप से किया गया था।

**एस्ट्राजेनेका ने दावों का विरोध किया**-रिपोर्ट में कहा गया है कि एस्ट्राजेनेका ने दावों का विरोध किया है, लेकिन फरवरी में एक अदालती दस्तावेज़ में स्वीकार किया कि कोविशील्ड बहुत ही दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकता है। एस्ट्राज़ेनेका ने स्कॉट के दावे के कानूनी बचाव में अपनी स्वीकृति दी, जिससे पीडितों और शोक संतप्त रिश्तेदारों को भुगतान मिल सकता है। टीटीएस (थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस) मनुष्यों में रक्त के थक्के और कम रक्त प्लेटलेट गिनती का कारण बनता है।


## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



**कार्यालय मयंक स्वरूप राजगुरू, अभिभाषक**

एकलव्य कॉलोनी शामगढ़ जिला मंदसौर म.प्र. मो- 9926738380, 8109370925

***** जाहिर सूचना *****

मेरी पक्षकारा कलावती पति मांगीलाल परमार निवासी मेघदूत नगर मंदसौर द्वारा मेरे समक्ष प्रस्तुत दस्तावेज व दी गई माहेति अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि- 1- यह कि मेरी पक्षकारा ने दिनांक 28.03.2024 को आशुतोष रत्नावत पिता चंद्रप्रकाश जी रत्नावत निवासी शामगढ़ के भूमि स्वामी स्वत्व के दुर्गामाता वार्ड में खाती मोहल्ला के पास स्थित सर्व नंबर 482/2 में स्थित भूखंड जिसकी पैमाईश पूर्व पश्चिम 34 फीट तथा उत्तर दक्षिण 20 फीट होकर कुल 680 वर्गफीट भूमि को क्रय करने का इकरार श्री आशुतोष रत्नावत द्वारा अधिकृत श्री जयेश कालरा पिता मुरारीलाल कालरा निवासी पंजाबी कॉलोनी शामगढ़ से किया है जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है कि -

पूर्व में-आवागमन हेतु 22 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम में-इसी सर्वे नंबर की शेष भूमि, उत्तर में-आवागमन हेतु 21 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में-विक्रेता द्वारा बगदीराम जी दानगढ़ को विक्रयशुदा भूमि

2-यह कि उपरोक्त चतुर्सीमा पैमाईश वाले भूखंड के संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि का विक्रय पत्र इस जाहिर सूचना प्रसारण के 15 दिवस के बाद पंजीकृत करवाया जावेगा तथा उक्त अनुबंध शुदा भूमि के संबंध में किसी पक्ष का कोई हित या कोई दावा आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर मेरी पक्षकारा या मुझे लिखित में सूचित करे यदि उक्त विधिक समयसीमा में कोई दावा आपत्ति नहीं आती है तो उक्त भूखंड को विक्रेता के पूर्ण हक्क व स्वामित्व का मानकर पूर्ण भुगतान कर उक्त विक्रय पत्र संपादित किया जावेगा तथा बाद मियाद कोई आपत्ति मेरी पक्षकारा के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में प्रचलन योग्य नहीं रहेगी। अत: सर्वसाधारण सूचित होवे।

दिनांक 30.04.2024

मयंक स्वरुप राजगुरु
अभिभाषक, शामगढ़



**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 30.04.2024

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बापूलाल गुर्जर पिता रामेश्वर गुर्जर जाति गुर्जर, निवासी ग्राम रुपावली नाहरगढ़ तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान नंबर-28/1, वार्ड नंबर-11, प.ह.नं. 00118, ग्राम रूपावली नाहरगढ़ ग्राम पंचायत नेतावली तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है, जिसका सह स्वामित्व विधिवत रजिस्टर्ड सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक- एमपी 249392024ए1508033 दिनांक 25.04.2024 से प्रेम गुर्जर पति बापूलाल गुर्जर जाति गुर्जर, निवासी ग्राम रुपावली नाहरगढ़ तहसील व जिला मंदसौर को बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु:सीमा निम्नवत है-

चर्तु:सीमा- पूर्व में - अम्बालाल का मकान, पश्चिम में -रास्ता रोड़ भटाना, उत्तर में- निजी भूमि रास्ता, दक्षिण में-देवीलाल का मकान, पैमाईश-लम्बाई 70 फीट तथा चौड़ाई 31 फीट है। कुल क्षेत्रफल - 2170 वर्गफीट व 201.59 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर बापूलाल गुर्जर पिता रामेश्वर गुर्जर जाति गुर्जर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक क्यू                मंदसौर, दिनांक ..............

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 एसी 6826 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में सूरपालसिंह राजपूत पिता कमलसिंह राजपूत निवासी मोतीपुरा, तह.-सीतामऊ, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती कृपाकुंवर राजपूत पति सूरपालसिंह राजपूत निवासी मोतीपुरा, तह.-सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**







स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in